इग्नू
जन–जन का
विश्वविद्यालय

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

# BPCC - 107

# सामाजिक मनोविज्ञान



BPCC-107

# सामाजिक मनोविज्ञान

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

## विशेषज्ञ समिति

| | | |
|---|---|---|
| प्रो. स्वराज बसु, निदेशक,<br>सा.वि.विद्यापीठ, इग्नू,<br>नई दिल्ली | प्रो. विमला वीराराघवन,<br>पूर्व एमेरिटस प्रो. मनोविज्ञान,<br>इग्नू, नई दिल्ली | प्रो. पूर्णिमा सिंह<br>मानविकी और सामाजिक<br>विज्ञान स्कूल आईआईटी,<br>नई दिल्ली |
| प्रो. अनुराधा सोवानी,<br>एसएनडीटी विश्वविद्यालय,<br>मुबंई | प्रो. सुहास शेटगोवेकर,<br>मनोविज्ञान प्रो. एसओएसएस,<br>इग्नू, नई दिल्ली | प्रो. स्वाति पात्रा,<br>मनोविज्ञान प्रो. एसओएसएस,<br>इग्नू, नई दिल्ली |
| डॉ. मोनिका मिश्रा<br>सहायक मनोविज्ञान प्रोफेसर<br>एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली | डॉ. स्मिता गुप्ता<br>मनोविज्ञान सहायक प्रो.<br>एसओएसएस, इग्नू, नई दिल्ली | |

| | |
|---|---|
| **पाठ्यक्रम समन्वयक एवं संपादक**<br>डॉ. स्मिता गुप्ता एवं डॉ. मोहसिन उद्दीन<br>सह आचार्य, मनोविज्ञान सा.वि.विद्यापीठ, इग्नू | |

## पाठ्यक्रम निर्माण दल

| इकाई | लेखक एवं हिंदी अनुवादक |
|---|---|
| **खण्ड 1** | **सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय** |
| इकाई 1 | सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय (डॉ. अरी सूदन तिवारी, वैज्ञानिक 'ई' रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ रोड, तिमारपुर, दिल्ली–110054 (इंडिया)<br>हिंदी अनुवादक : डॉ. सुनील कुमार, हिंदू कॉलेज, मुरादाबाद।<br>पुनरीक्षण : डॉ सुरुचि भाटिया, श्यामा प्रसाद मुकर्जी कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली |
| इकाई 2 | सामाजिक मनोविज्ञान के सिद्धांत (डॉ. अरी सूदन तिवारी, वैज्ञानिक 'ई' रक्षा संस्थान मनोवैज्ञानिक षोध प्रबंध रक्षा की, लखनऊ रोड, तिमारपुर, दिल्ली–110054 (इंडिया) (केवल कुछ भाग बीपीसी–06, इकाई–3 से ग्रहीत किया गया है)<br>हिंदी अनुवादक : डा. सुनील कुमार, हिंदु कॉलेज, मुरादाबाद।<br>पुनर्वीक्षण : डॉ सुरूची भाटिया, श्यामा प्रसाद कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली |
| **खण्ड 2** | **सामाजिक प्रसंग में आत्म स्वत्व** |
| इकाई 3 | आत्म स्वत्व एवं संबंधित प्रक्रिया ((बीपीसी–06 खण्ड 1, इकाई–4 से ग्रहीत किया गया है)<br>हिंदी अनुवादक : डॉ. कुदसीया नासीर, सहायक परामर्शदाता, कला संकाय, इग्नू<br>पुरर्वीक्षण : डॉ. मोहसिन, सहायक परामर्शदाता, मनोविज्ञान संकाय, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू |
| इकाई 4 | सामाजिक प्रसंग में आत्म स्वत्व (डॉ. अरी सूदन तिवारी;हिंदी अनुवादक : डा. सुनील कुमार, हिंदु कॉलेज, मुरादाबाद; पुनर्वीक्षण : डॉ सुरूची भाटिया, श्यामा प्रसाद कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली |
| **खण्ड 3** | **सामाजिक संज्ञान** |
| इकाई 5 | सामाजिक संज्ञान– सामाजिक व्यवहार को समझना-I डॉ. अरी सूदन तिवारी |
| इकाई 6 | सामाजिक संज्ञान– सामाजिक व्यवहार को समझना-II डॉ. अरी सूदन तिवारी |
| इकाई 7 | मनोदृष्टि और मनोदृष्टि परिवर्तन; डॉ. अरी सूदन तिवारी;हिंदी अनुवादक : डॉ. विरेंद्र प्रताप यादव, श्यामा प्रसाद कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली<br>पुनर्वीक्षण : डॉ सुरूची भाटिया, श्यामा प्रसाद कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली |

| | |
|---|---|
| **खण्ड 4** | **सामाजिक प्रभाव** |
| इकाई 8 | सामाजिक प्रभाव; डॉ. अरी सूदन तिवारी |
| इकाई 9 | आक्रामकता और सामाजिक प्रभाव; डॉ. अरी सूदन तिवारी |
| इकाई 10 | अंतवैयक्तिक आकर्षण एवं प्रति सामाजिक व्यवहार ;डॉ. अरी सूदन तिवारी;हिंदी अनुवादक : डॉ. विरेंद्र प्रताप यादव, श्यामा प्रसाद कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली;<br>पुनर्वीक्षण : डॉ सुरूची भाटिया, श्यामा प्रसाद कॉलेज, दिल्ली यूनिवर्सिटी, दिल्ली |
| **खण्ड 5** | **समूह गतिकी (ग्रुप डायनामिक्स)** |
| इकाई 11 | समूह प्रक्रिया;डॉ. अरी सूदन तिवारी |
| इकाई 12 | नेता और नेतृत्व;डॉ. मोहसिन उद्दीन, शैक्षणिक सलाहकार, मनोविज्ञान संकाय, इग्नू;<br>हिंदी अनुवाद : डॉ. कूदसीया, उर्दू संकाय, मानविकी विद्यापीठ, इग्नू;पुनर्वीक्षण : डॉ. स्मिता गुप्ता, सह आचार्य, मनोविज्ञान विभाग विद्यापीठ, सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू |


| **मुद्रण प्रस्तुति** | | **सचिवालीय सहयोग** |
|---|---|---|
| श्री राजीव गिरधर,<br>सहायक कुलसचिव (प्रकाशन)<br>इग्नू, नई दिल्ली | श्री हेमन्त परीदा<br>सहायक कुलसचिव (प्रकाशन)<br>इग्नू, नई दिल्ली | श्री सुरेश कुमार<br>सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ<br>इग्नू, नई दिल्ली |

दिसम्बर, 2020



© इंन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय



**ISBN:**



सर्वाधिकार सुरक्षित। इस सामग्री के किसी भी अंश को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति के बिना किसी भी रूप में, मिमियोग्राफी (चक्रमुद्रण) द्वारा या अन्यथा पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अन्य पाठ्यक्रमों विषयक जानकारी विश्वविद्यालय के कार्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली–110068 से सम्पर्क करें अथवा हमारी वेबसाइट http://www.ignou.ac.in पर जाएं।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से निर्देशक, समाज विज्ञान विद्यापीठ द्वारा प्रकाशित
लेज़र टाइप सेट :टेसा मीडिया एण्ड कंम्यूटर्स
मुद्रण :



ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# विषय–वस्तु


| | | |
|---|---|---|
| **खण्ड 1** | **सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय** | **7** |
| इकाई 1 | सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय | 9 |
| इकाई 2 | सामाजिक मनोविज्ञान के सिद्धांत | 22 |
| **खण्ड 2** | **सामाजिक प्रसंग में स्वत्व** | **41** |
| इकाई 3 | स्वत्व एवं संबंधित प्रक्रिया | 43 |
| इकाई 4 | सामाजिक प्रसंग में स्वत्व | 57 |
| **खण्ड 3** | **सामाजिक संज्ञान** | **93** |
| इकाई 5 | सामाजिक संज्ञानः सामाजिक व्यवहार को समझना-I | 95 |
| इकाई 6 | सामाजिक संज्ञानः सामाजिक व्यवहार को समझना-II | 110 |
| इकाई 7 | मनोदृष्टि और मनोदृष्टि परिवर्तन | 127 |
| **खण्ड 4** | **सामाजिक प्रभाव** | **163** |
| इकाई 8 | सामाजिक प्रभाव | 165 |
| इकाई 9 | आक्रामकता एवं सामाजिक प्रभाव | 183 |
| इकाई 10 | अंतवैयक्तिक आकर्षण एवं प्रति सामाजिक व्यवहार | 204 |
| **खण्ड 5** | **समूह गतिकी (ग्रुप डायनामिक्स)** | **227** |
| इकाई 11 | समूह प्रक्रिया | 229 |
| इकाई 12 | नेता और नेतृत्व | 254 |


ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY

# बीपीसीसी 107 सामाजिक मनोविज्ञान

सामाजिक मनोविज्ञान, मनोविज्ञान में स्नातक (BA hons in Psychology) का महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम है।

इस पाठ्यक्रम का पहला खण्ड, सामाजिक मनोविज्ञान का अर्थ, उसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि तथा अन्य विषयों से संबंध की परिचर्चा करता है।

इस पाठ्यक्रम का दूसरा खण्ड स्वत्व तथा उससे संबंधित प्रक्रियाओं को दर्शाता है। यह खण्ड यह भी बतलाता है कि समाज किस प्रकार से लोगों के स्वत्व को प्रभावित करता है।

इस पाठ्यक्रम का तीसरा खण्ड सामाजिक अनुभूतियों की परिचर्चा करता है। इस खण्ड में मनोदृष्टि तथा उसके प्रभावों की भी व्याख्या की गई है।

इस पाठ्यक्रम का चौथा खण्ड आक्रमकता तथा आक्रमक व्यवहार पर सामाजिक प्रभाव का विश्लेषण करता है।

इस पाठ्यक्रम का आखिरी खण्ड सामूहिक प्रक्रियाओं पर प्रकाश डालता है। यह खण्ड नेता के गुणों और नेतृत्व के विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा करता है।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# खण्ड 1
# सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# खण्ड 1 सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय

इस खण्ड में दो इकाई शामिल है, पहली इकाई सामाजिक मनोविज्ञान की परिभाषा, प्रकृति और दायरे से संबंधित है। यह इकाई भारत के संदर्भ में सामाजिक मनोविज्ञान की उत्पत्ति का भी वर्णन करती है।

अन्य विषयों के साथ सामाजिक मनोविज्ञान के संबंध पर प्रकाष डालती है। यह इकाई सामाजिक मनोविज्ञान के सिद्धांतों पर भी चर्चा करती है। यह इकाई सामाजिक मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का भी वर्णन करती है।

ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

# इकाई 1 सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय*

संरचना


1.0 उद्देश्य

1.1 परिचय

1.2 परिभाषा, प्रकृति और सामाजिक मनोविज्ञान का दायरा

1.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान की परिभाषा

1.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति

1.2.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान का अध्ययन वैज्ञानिक विधियों से होता है

1.2.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान व्यक्तियों के विचार, भावना और व्यवहार का अध्ययन करता है

1.2.2.3 सामाजिक मनोविज्ञान सामाजिक संदर्भों में व्यक्तियों के व्यवहार का अध्ययन करता है

1.2.3 सामाजिक मनोविज्ञान का दायरा

1.3 सामाजिक मनोविज्ञान का ऐतिहासिक विकास

1.3.1 सामाजिक मनोविज्ञान के प्रारंभिक वर्ष

1.3.2 सामाजिक मनोविज्ञान के औपचारिक वर्ष

1.3.3 सामाजिक मनोविज्ञान का विस्तार

1.3.4 21वीं सदी में सामाजिक मनोविज्ञान

1.3.5 भारत में सामाजिक मनोविज्ञान

1.4 सारांश

1.5 इकाई अंत में पूछे जाने वाले प्रश्न

1.6 शब्दावली

1.7 स्व-मूल्यांकन प्रश्नों के उत्तर

1.8 सुझाए गए पठन और संदर्भ


## 1.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप निम्न कार्य कर सकेंगे:

- सामाजिक मनोविज्ञान को परिभाषित करें और इसकी प्रकृति और कार्यक्षेत्र की व्याख्या कर सकेंगे;
- अन्य विषयों के साथ सामाजिक मनोविज्ञान का संबंध स्पष्ट कर सकेंगे;
- सामाजिक मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का वर्णन कर सकेंगे;
- सामाजिक व्यवहार के स्तरों का वर्णन कर सकेंगे; और
- सामाजिक मनोविज्ञान के विभिन्न सैद्धांतिक दृष्टिकोणों को प्रस्तुत कर सकेंगे।


* डॉ. अरी सूदन तिवारी, वैज्ञानिक 'ई' रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ रोड़, तिमारपुर, दिल्ली

## 1.1 परिचय

आइए कुछ स्थितियों, घटनाओं, मुद्दों और लोगों पर विचार करें। नौकरी के साक्षात्कार के लिए जाते समय हम व्यक्तिगत रूप से तैयार होते हैं; लेकिन जब हम साक्षात्कार स्थल पर पहुंचते हैं तो पाते हैं कि सभी उम्मीदवार लगभग एक जैसे ही कपड़े पहने हुए हैं। वैसे ही एक और संदर्भ लें, 16 दिसंबर 2012 को दिल्ली में निर्भया की घटना के बाद, हजारों लोगों ने दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। महात्मा गांधी, अब्राहम लिंकन, नेल्सन मंडेला, दलाई लामा और उनके जैसे कई नेताओं ने जनता के विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को बड़े पैमाने पर प्रभावित किया और लोगों के विचार को सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और नैतिक क्रांतियों की ओर बढ़ाया। उल्लेखनीय नेतृत्व किया।

ये मानव के इतिहास से कुछ उदाहरण हैं जहां या तो हम अन्य लोगों से प्रभावित होते हैं या हम अन्य लोगों के व्यवहार को प्रभावित करते हैं। सामाजिक मनोविज्ञान वह शाखा है, जो सामाजिक परिस्थितियों की एक सारणी में मानव व्यवहार का अध्ययन करती है। इस इकाई में, आपको सामाजिक मनोविज्ञान के बारे में, मनोविज्ञान की शाखा, इसकी प्रकृति, गुंजाइश और अन्य विषयों के साथ संबंध के बारे में समझाया जाएगा। आप ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और विभिन्न सैद्धांतिक दृष्टिकोणों से भी परिचित होंगे। ये इकाई सामाजिक व्यवहार के विश्लेषण के स्तरों पर भी चर्चा करेगी।

## 1.2 परिभाषा, प्रकृति और सामाजिक मनोविज्ञान का दायरा

सामाजिक मनोविज्ञान, मनोविज्ञान की एक महत्वपूर्ण शाखा है जो मानव सहभागिता, इसकी अभिव्यक्तियों, कारणों, परिणामों और इसमें शामिल विभिन्न मनोवैज्ञानिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करती है।

### 1.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान की परिभाषा

सामाजिक मनोविज्ञान यह बताता है कि ''हम आस'' पास के लोगों के बारे में क्या महसूस करते हैं तथा सामाजिक प्रसंग के संदर्भ में दूसरे व्यक्ति किस तरह हमारे भावनाओं, विचारों और व्यवहारों को प्रभावित करते हैं''। (कस्सीन, फीन, और मार्कस, 2017)। थोड़ी अलग अभिव्यक्ति में सामाजिक मनोविज्ञान को एक अनुशासन के रूप में परिभाषित किया गया है, जो समझने और समझाने की कोशिश में वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग करता है कि कैसे व्यक्तियों के विचार, भावना और व्यवहार दूसरों की वास्तविक, कल्पना या निहित उपस्थिति से प्रभावित होते हैं (गॉर्डन एल्पपोर्ट, 1985 पी. 3)।

### 1.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति

ऊपर दी गई परिभाषाओं की ध्यानपूर्वक व्याख्या से पता चलता है कि इसमें तीन प्रमुख घटक हैं जो सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति की विशेषता बतलाते हैं। इन विशेषताओं को और विस्तृत रूप से नीचे दिया गया है:

### 1.2.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान का अध्ययन वैज्ञानिक विधियों से होता है

सामाजिक मनोविज्ञान वैज्ञानिक प्रकृति का शास्त्र है। यह सामाजिक संदर्भ में मानव व्यवहार के अध्ययन के लिए व्यवस्थित अवलोकन, विवरण और माप की वैज्ञानिक पद्धति को लागू करता है। सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन प्रत्यक्ष अवलोकन या प्रयोग के माध्यम से एकत्र किए जा रहे डेटा को संदर्भित करते हैं। इस तरह के प्रयोगों और अवलोकन को सावधानीपूर्वक किया जाता है और विस्तार से बताया जाता है ताकि अन्य जांचकर्ता काम को दोहरा सकें और सत्यापित कर सकें।

वैज्ञानिक सामाजिक मनोविज्ञान तीन प्रमुख गतिविधियों को करता हैः सामाजिक व्यवहारों का वर्णन, व्याख्या और भविष्यवाणी। सामाजिक मनोविज्ञान सामान्य, मान्यताओं के बजाय, प्रत्यक्ष अवलोकन के आधार पर सामाजिक व्यवहार का एक वैज्ञानिक खाता प्रदान करता है। सामाजिक मनोविज्ञान यह समझाने का भी प्रयास करता है कि लोग किसी विशेष सामाजिक स्थिति में एक विशेष तरीके से व्यवहार क्यों करते हैं। सामाजिक व्यवहारों की ऐसी परस्पर व्याख्या से सिद्धांतों का निर्माण होता है जो सामाजिक व्यवहारों की भविष्यवाणी करने और उन्हें एक वांछित दिशा में प्रबंधित करने में मदद करते हैं।

### 1.2.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान व्यक्तियों के विचार, भावना और व्यवहार का अध्ययन करता है

सामाजिक मनोविज्ञान के क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों का अध्ययन करता है जिसमें – व्यक्तियों का विचार, भावना और व्यवहार भी शामिल है। अनुभूति को उस तरीके से संदर्भित किया जाता है जिस तरह से लोग जानकारी संसाधित करते हैं। सामाजिक मनोविज्ञान अनुभूति का अध्ययन करता है जो सामाजिक गतिविधियों से संबंधित है और जो हमारे सामाजिक व्यवहारों को समझने और भविष्यवाणी करने में हमारी मदद करता है। सामाजिक मनोविज्ञान उन भावनाओं का भी अध्ययन करता है जिन्हें हम अपने सामाजिक जीवन में एक व्यक्ति के रूप में अनुभव करते हैं। सामाजिक संदर्भ में हम जो सोचते हैं या महसूस करते हैं वह आखिरकार सामाजिक व्यवहारों में हमारे व्यवहार के माध्यम से व्यक्त किया जाता है। सामाजिक मनोविज्ञान में सहयोग, संघर्ष, आक्रामकता, आदि की सहायता के रूप में इन व्यवहारों का अध्ययन होता है।

### 1.2.2.3 सामाजिक मनोविज्ञान सामाजिक संदर्भों में व्यक्तियों के व्यवहार का अध्ययन करता है

सामाजिक मनोविज्ञान, सामाजिक संदर्भों में व्यक्तियों के विचारों, भावनाओं और व्यवहारों का अध्ययन करता है। सामाजिक मनोविज्ञान के इस घटक से तात्पर्य है कि हमारा व्यवहार अन्य लोगों की उपस्थिति से प्रभावित होता है और हम अन्य लोगों के व्यवहार को भी प्रभावित करते हैं। सामाजिक मनोविज्ञान की परिभाषा में निर्दिष्ट सामाजिक संदर्भ को वास्तविक या वर्तमान होने की आवश्यकता नहीं है। यहां तक कि दूसरों की निहित या कल्पना की गई उपस्थिति व्यक्तियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है (*गॉर्डन एल्पपोर्ट*, 1985)। हालांकि, मानव सामाजिक व्यवहार के सामान्य सिद्धांतों को स्थापित करने के लिए, सामाजिक मनोवैज्ञानिक कभी-कभी गैर-सामाजिक कारकों की भी जांच करते हैं। कर्टलेविन (1936), जिनका योगदान इस क्षेत्र में बड़ा महत्वपूर्ण रहा है, उन्होंने सामाजिक व्यवहार को समझने के लिए एक मॉडल का

प्रस्ताव रखा, जो कहता है कि सामाजिक व्यवहार स्थिति की पारस्परिक क्रिया और व्यक्ति की विशेषताओं (विस्तार के लिए बॉक्स देखें) का परिणाम होता है।

**सामाजिक विज्ञान में कुरूत नेतृत्व का समावेश अनौपचारिक सामाजिक व्यवहार के लिए एक मॉडल**

कर्ट लेविन (9 सितंबर, 1890-12 फरवरी, 1947) एक जर्मन-अमेरिकी मनोवैज्ञानिक थे और अक्सर ''सामाजिक मनोविज्ञान के संस्थापक'' के रूप में पहचाने जाते हैं। सामाजिक मनोवैज्ञानिक उन बलों में रुचि रखते हैं जो व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं और उन्हें सामाजिक व्यवहार के विशिष्ट उदाहरणों में संलग्न होने का कारण बनते हैं। आमतौर पर सामाजिक व्यवहार जटिल होता है जिसके कई जटिल कारक होते हैं। नतीजतन, सामाजिक व्यवहार को समझाना एक मुश्किल काम है। इस कार्य को सरल बनाने के लिए, हम सामाजिक व्यवहार के कई कारणों को दो व्यापक श्रेणियों में से एक में निर्दिष्ट कर सकते है। स्थिति और व्यक्ति। कर्टलेविन (1936) द्वारा पहले प्रस्तावित एक सूत्र के अनुसार, सामाजिक व्यवहार, स्थिति और व्यक्ति की विशेषताओं, या की पारस्परिक क्रिया का एक कार्य है या व्यवहार = f (सामाजिक स्थिति x व्यक्तिगत विशेषताएँ)

**बॉक्स 1.1: कर्ट लेविन का सामाजिक व्यवहार का मॉडल**

### 1.2.3 सामाजिक मनोविज्ञान का दायरा

सामाजिक मनोविज्ञान सामाजिक संदर्भ में व्यक्तिगत व्यवहार पर केंद्रित है, इसलिए सामाजिक मनोविज्ञान का विषय व्यक्ति के समाज और अन्य लोगों के साथ पारस्परिक अंतरक्रियाओं का अध्ययन करता है। सामाजिक दुनिया मानव के संबंधों पर आधारित है और सामाजिक मनोविज्ञान के विषय को प्रस्तुत करती है। सामाजिक मनोविज्ञान के दायरे को मोटे तौर पर निम्नलिखित तरीकों से रेखांकित किया जा सकता है:

- लोग आमतौर पर अनुमोदन और अस्वीकृति, किसी के पक्ष और विपक्ष की भावनाओं के रूप में व्यक्त करते हैं, या विभिन्न व्यक्तियों, वस्तुओं, मुद्दों के प्रति पसंद और नापसंद दर्शाते हैं जो उनके विचार और कार्यों को प्रभावित करते हैं। इस घटना को दृष्टिकोण या रवैया कहा जाता है और सामाजिक मनोवैज्ञानिक रवैये के विभिन्न पहलुओं पर जोर देते रहे हैं– जैसे रवैया का निर्माण, दृष्टिकोण संरचना, दृष्टिकोण परिवर्तन, व्यवहार का कार्य तथा दृष्टिकोण और व्यवहार के बीच संबंध।

- सामाजिक मनोविज्ञान के उभरते क्षेत्रों में से एक सामाजिक अनुभूति है, जो सामाजिक उत्तेजनाओं से संबंधित लोगों को अनुभव, विचार और याद रखने के तरीकों का अध्ययन करता है। सामाजिक अनुभूति के तहत विभिन्न घटनाएं व्यक्ति की धारणा, आरोपण प्रक्रिया, स्कीमा, रूढ़िवादिता आदि का अध्ययन होता है।

- सामाजिक मनोविज्ञान में अध्ययन का एक पारंपरिक, मुख्य क्षेत्र सामाजिक प्रभाव है जो लोगों के विचारों, भावनाओं और व्यवहार को प्रभावित करने के तरीके को संदर्भित करता है।

- सामाजिक मनोवैज्ञानिक की रुचि इस व्याख्यान को जानने में भी है कि लोग कभी-कभी एक समर्थक सामाजिक तरीके से काम करते हैं (दूसरों की मदद करना, पसंद करना या प्यार करना), लेकिन अन्य समय में असामाजिक तरीके से काम करते हैं (शत्रुता, आक्रामकता या दूसरों के खिलाफ पूर्वाग्रह)।

- सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने सामाजिक समूहों और समूह की गतिशीलता से संबंधित विभिन्न घटनाओं का व्यापक अध्ययन किया है। समूह को समूह रचना, संरचना तथा समूह प्रक्रिया के संदर्भ में समझा जा सकता है। समूह संरचना, समूह प्रक्रिया पर इसके प्रभाव व्यक्तिगत परिवर्तन और समूह विकास के साथ-साथ कार्य प्रदर्शन के संदर्भ में भी समझा जा सकता है। इस प्रकार, एक सामाजिक मनोवैज्ञानिक लगभग हर चीज का अध्ययन करता है जो हम हर दिन सामाजिक संदर्भ में करते हैं (विस्तार के लिए नीचे बॉक्स देखें)।

**सामाजिक मनोवैज्ञानिक क्या अध्ययन करते हैं?**

- सामाजिक मनोवैज्ञानिक इस बात का अध्ययन करते हैं कि क्यों हम अक्सर दूसरे लोगों के लिए सहायक होते हैं और क्यों हम अन्य समय में अमित्र या आक्रामक हो सकते हैं।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक अन्य लोगों के साथ अच्छे संबंध रखने और एकाकी होने की लागतों के लाभों का अध्ययन करते हैं।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक इस बात का अध्ययन करते हैं कि कौन से कारक व्यक्ति को किसी उत्पाद की तुलना में दूसरे उत्पाद को खरीदने के लिए प्रेरित करते हैं।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक यह भी अध्ययन करते हैं कि सामाजिक परिदृश्य में पुरुष और महिलाएं अलग-अलग व्यवहार कैसे करते हैं।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन करते हैं कि, ऐसे कौन से कारक हैं जो कुछ लोगों को दूसरों की तुलना में पर्यावरण के अनुकूल व्यवहार में संलग्न होने के लिए प्रेरित करते हैं।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक इस बात का अध्ययन करते हैं कि कोई व्यक्ति अपने जीवन को जोखिम में डालकर पूर्ण अजनबी को बचाने की कोशिश करता है।

**बॉक्स 1.2 : सामाजिक मनोवैज्ञानिकों का योगदान**

**स्व-मूल्यांकन प्रश्न 1**

1) सामाजिक मनोविज्ञान को परिभाषित करें।

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

......................................................................................................................

2) आप यह कैसे कह सकते हैं कि सामाजिक मनोविज्ञान एक विज्ञान है?

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

3) सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति का वर्णन करें ।

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

4) सामाजिक मनोविज्ञान के दायरे का लेखा-जोखा दें।

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

...................................................................................................................

## 1.3 सामाजिक मनोविज्ञान का ऐतिहासयिक विकास

यद्यपि समाज में मानव व्यवहार का दार्शनिक विश्लेषण हमेशा सामाजिक चिंतकों के लिए रुचि का प्रमुख मुद्दा रहा है, लेकिन सामाजिक मनोविज्ञान के अध्ययन के लिए एक व्यवस्थित अनुभवजन्य दृष्टिकोण उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में दिखता है। विकास के चरणों में सामाजिक मनोविज्ञान के इतिहास को इस प्रकार रेखांकित किया जा सकता है:

### 1.3.1 सामाजिक मनोविज्ञान के प्रारंभिक वर्ष

सामाजिक मनोविज्ञान की शुरुआती जड़ों को जर्मन विद्वानों का एक समूह माना जाता है, जो हेगेल नामक दार्शनिक से प्रभावित थे। 1860 में, स्टिंथल और लाजर ने इस वोल्केरसाइकोलॉजी के लिए समर्पित एक पत्रिका की स्थापना की जिसमें सामूहिक मन के अध्ययन पर सैद्धांतिक और तथ्यात्मक लेख प्रकाशित किए। सामूहिक मन की इस अवधारणा को परस्पर विरोधी तरीकों से व्याख्यायित किया गया था: एक तरफ व्यक्ति के भीतर सोचने का एक सामाजिक तरीका और दूसरी तरफ ट्रांस-इंडिविजुअल मानसिकता का एक रूप जिसमें लोगों के पूरे समूह शामिल हो सकते हैं।

सामाजिक मनोविज्ञान पर दो शुरुआती पाठ्यपुस्तकें मनोवैज्ञानिक द्वारा लिखी गईं– विलियम मैकडॉगल (1908) ब्रिटेन में और समाजशास्त्री– रॉस (1908) अमेरिका द्वारा लिखी गई। हालांकि, इनमें से कोई भी पाठ्यपुस्तक एक आधुनिक सामाजिक मनोविज्ञान की पाठ्यपुस्तक की तरह नहीं थी और उनके मुख्य विषय प्रमुख प्रवृत्ति,

प्राथमिक भावनाएं, भावनाओं की प्रकृति, नैतिक आचरण, महत्वाकांक्षा, धार्मिक अवधारणाएं और चरित्र की संरचना थे।

19वीं शताब्दी के अंत में और 20वीं शताब्दी के सामाजिक मनोविज्ञान की शुरुआत ने मानव के विचारों, भावनाओं और व्यवहार को व्यवस्थित रूप से मापना शुरू किया। यूरोप और संयुक्त राज्य में कई प्रयोगशालाएं स्थापित की गईं, जिसकी शुरुआत 1879 में लीपजिग में एक मनोवैज्ञानिक प्रयोगशाला के साथ हुईं, जो जर्मनी में मनोविज्ञान के लिए एक प्रयोगात्मक आधार प्रदान करने के लिए विलेम वुंड द्वारा स्थापित की गई थीं। इस बीच, व्यवहारवादी जॉन वाटसन ने 1913 में मनोविज्ञान के लिए अपने क्लासिक वैज्ञानिक घोषणापत्र को प्रकाशित किया।

1924 में, वाटसन से प्रेरित, फ्लॉयड ऑलपोर्ट ने सामाजिक मनोविज्ञान के लिए एक एजेंडा प्रकाशित किया। वाटसन पर निर्माण करते हुए, ऑलपोर्ट ने तर्क दिया कि सामाजिक मनोविज्ञान तभी फलता-फूलता है, जब यह एक प्रायोगिक विज्ञान बन जाए। कुछ ही समय बाद, गार्डनर मर्फी और लोइस मर्फी (1931/1937) ने वास्तव में प्रायोगिक सामाजिक मनोविज्ञान नामक पुस्तक का निर्माण कर न्यायोचित महसूस किया। सामाजिक मनोविज्ञान में पहले प्रयोग को अक्सर नॉर्मन ट्रिपल (1898) के अध्ययन के रूप में पहचाना जाता है जिसमें यह अध्ययन किया गया कि कैसे लोग किसी कार्य में अधिक प्रयास कर सकते हैं जब अन्य लोग पर्यवेक्षक या प्रतियोगी के रूप में मौजूद हों।

### 1.3.2 सामाजिक मनोविज्ञान के औपचारिक वर्ष

1940 और 1950 के दशक के दौरान, कर्ट लेविन और लियोन फिस्टिंगर ने वैज्ञानिक रूप से कठोर सामाजिक मनोविज्ञान के लिए तर्क दिया। ''सामाजिक मनोविज्ञान के जनक'' के रूप में पहचाने जाने वाले लेविन ने लोगों के साथ गतिशील बातचीत पर ध्यान देने सहित अनुशासन के कई महत्वपूर्ण विचारों को विकसित किया। 1954 में, फिस्टिंगर ने व्यवहार विज्ञान में रिसर्च मेथड्स नामक एक पुस्तक का संपादन किया, जिसमें वैज्ञानिक माप की आवश्यकता पर बल दिया गया और सामाजिक व्यवहार के बारे में अनुसंधान परिकल्पनाओं को व्यवस्थित रूप से परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला में प्रयोगों का उपयोग किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि इन प्रयोगों में तथ्यात्मक परिणामों के लिए प्रतिभागियों को अनुसंधान के उद्देश्य के बारे में नहीं बताया जाता था।

द्वितीय विश्व युद्ध के समय में, अनुरूपता पर अध्ययन मुजफ्फर शरीफ (1936) और सोलोमन ऐश (1952) द्वारा आयोजित किया गया था। स्टैडली मिलग्राम (1974) और फिलिप जोमार्डो (हैनी, बैंक्स, और जिम्बार्डो, 1973) द्वारा आज्ञाकारिता के विषयों पर अध्ययन किए गए।

### 1.3.3 सामाजिक मनोविज्ञान का विस्तार

सामाजिक मनोविज्ञान ने अन्य विषयों पर भी विस्तार किया। जॉन डार्ले और बिब लैटन (1968) ने संदर्भ के परिप्रेक्ष्य को समझाने के लिए एक मॉडल विकसित किया जिसमें यह बताया गया कि कब लोग दूसरों की जरूरत में मदद करते हैं और कब नहीं करते हैं। लियोनार्ड बर्कोविट्ज (1962) ने मानव आक्रामकता का अध्ययन शुरू किया। कई अन्य सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने समूह में निर्णय लेने की प्रक्रिया पर

ध्यान केंद्रित किया (*जेनिस*, 1972)। गॉर्डन ऑलपोर्ट और मुजफिर शेरिफ सहित अन्य सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने समझ के लक्ष्य के साथ अंतर-समूह संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया और संभवतः रूढ़ियों, पूर्वाग्रह और भेदभाव की घटना को कम किया।

20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में सामाजिक मनोविज्ञान ने व्यवहार में संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं के दृष्टिकोण और महत्व के क्षेत्र में विस्तार किया। सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने अनुनय की प्रक्रिया का अध्ययन करना शुरू कर दिया था, जिसके द्वारा विज्ञापनदाता और अन्य लोग उन्हें सबसे प्रभावी और प्रेरक बनाने के लिए अपने संदेश प्रस्तुत कर सकते थे (*ईगली* एंड *चौकेन*, 1993; *होवलैंड, जेनिस* और *केली*, 1963)। उन्होंने उन संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया जिनका उपयोग लोग संदेशों का मूल्यांकन करते समय करते हैं। व्यवहार और व्यवहार के बीच संबंध भी एक महत्वपूर्ण पहलू था जिसका इस अवधि के दौरान बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया था। लियोन फेस्टिंगर का महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक असंगति सिद्धांत इस समय के दौरान विकसित किया गया था और बाद के शोधों (फेस्टिंगर, 1957) के लिए एक मॉडल बन गया।

20वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में, सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण संज्ञानात्मक प्रक्रिया पर सामाजिक मनोविज्ञान का ध्यान केंद्रित किया गया था और आगे (*फिस्के* और *टेलर*, 2008) की पुष्टि की गई थी। सामाजिक अनुभूति दृष्टिकोण इस बात पर केंद्रित है कि हमारी सामाजिक दुनिया के बारे में हमारा ज्ञान कैसे विकसित होता है और यह हमारी सामाजिक सोच और व्यवहार को कैसे प्रभावित करता है। इसके अलावा, किस हद तक मनुष्यों के निर्णय लेने की प्रक्रिया को संज्ञानात्मक और प्रेरक दोनों प्रक्रियाओं के कारण त्रुटिपूर्ण किया जा सकता था, यह भी प्रलेखित किया गया (*काहमन, स्लोविक* और *टावर्सकी*, 1982)।

### 1.3.4 21वीं सदी में सामाजिक मनोविज्ञान

सामाजिक मनोविज्ञान अभी भी सामाजिक व्यवहार के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार कर रहा है। सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने हमारे स्वास्थ्य और खुशी पर सामाजिक स्थितियों के प्रभाव का अध्ययन किया है, हमारे व्यवहार पर विकासवादी अनुभवों और संस्कृतियों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं अध्ययन की हैं। सामाजिक तंत्रिका विज्ञान का क्षेत्र भी उभरा है, जो अध्ययन करता है कि हमारे सामाजिक व्यवहार, हमारे मस्तिष्क की गतिविधियों से कैसे प्रभावित होते हैं तथा उसे  प्रभावित करते हैं। (*लिबरमैन*, 2010)। सामाजिक मनोवैज्ञानिक सामाजिक व्यवहार को मापने और समझने के लिए लगातार नए तरीके खोज रहे हैं और क्षेत्र का विकास जारी है।

### 1.3.5 भारत में सामाजिक मनोविज्ञान

1928 में, भारत में सामाजिक मनोविज्ञान पर पहली पुस्तक, जिसका शीर्षक– ''*सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय*' तथा जिसे एन एन सेनगुप्ता ने कलकत्ता विश्वविद्यालय में मनोविज्ञान के पहले विभाग के पहले अध्यक्ष, एक प्रसिद्ध समाजशास्त्री राधाकमल मुखर्जी के साथ मिलकर लिखा था। हालांकि, सामाजिक मनोविज्ञान और समाजशास्त्र के बीच यह प्रारंभिक संबंध जारी नहीं रह सका और भारतीय सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने पश्चिमी अनुसंधान अभिविन्यासों के प्रभाव में, मनोविज्ञान की पहचान को वैज्ञानिक अनुशासन के रूप में स्थापित करने के लिए सभी प्रयास किए। जमुना प्रसाद, बार्टलेट ने (1932) घटनाओं की पुनर्संरचनात्मक स्मृति से

प्रेरित होकर, 1934 में बिहार में प्रसिद्ध भूकंप का अध्ययन किया और 35 हजार से अधिक अफवाहों का संग्रह और विश्लेषण किया और इस काम को ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकोलॉजी में 1935 में प्रकाशित किया। यह और अन्य ऐसे ही कामों की तर्ज पर दुर्गानंद सिन्हा (1952) को फिस्टिंगर ने संज्ञानात्मक असंगति के अपने सिद्धांत को तैयार करने के आधार के रूप में रिपोर्ट की थी।

बाद के वर्षों में, भारतीय सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने पूर्वाग्रह, रूढ़ियों और सामाजिक दृष्टिकोण के क्षेत्रों में काम करना जारी रखा। बड़े पैमाने पर विभिन्न रवैये के उपाय पर सर्वेक्षण किए गए। आदिनारायण ने नस्लीय और सांप्रदायिक दृष्टिकोण (1953) और जाति दृष्टिकोण (1958) पर अध्ययन किया। स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, कृषि नवोन्मेष के लिए जन जागरूकता कार्यक्रमों पर जोर देने के साथ, दृष्टिकोण परिवर्तन अनुसंधान का एक प्रमुख विषय बन गया। इन वर्षों के दौरान सामाजिक मनोविज्ञान भारत में लोकप्रियता में बढ़ रहा था जो कि समय-समय पर किए गए सर्वेक्षणों से स्पष्ट था।

सामाजिक मनोवैज्ञानिकों अंतर्ग्रहीय संबंधों (*सिंह,* 1981), सापेक्ष या तुलनात्मक क्षय अभाव (*मिश्रा,* 1982), अंतर्ग्रहण (*पांडे,* 1986) और नेतृत्व (*जे.बी.पी. सिन्हा,* 1980) के क्षेत्रों की खोज की जिसमें व्यक्तिगत व्यवहार पर सामाजिक समूहों के प्रभाव की जाँच की गई। हाल ही में, रुचि जातीय पहचान, उदास वर्गों के उदय और संबंधित विषयों का अध्ययन करने के लिए स्थानांतरित हो रही है। इस शोध में, मैक्रो-लेवल वेरिएबल्स (जनसांख्यिकीय, सामाजिक या सांस्कृतिक) और माइक्रो-लेवल वेरिएबल्स (दृष्टिकोण, अभाव की भावना, आदि) के बीच कारण संबंध स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। दृष्टिकोण और पद्धति अमेरिकी विविधता के व्यक्तिगत सामाजिक मनोविज्ञान के अनुरूप थी। एक और क्षेत्र जो लंबे समय तक लोकप्रियता में बना रहा, वह था उपलब्धि प्रेरणा। स्कूल और कॉलेज के छात्रों की उपलब्धि प्रेरणा को मापने के लिए बड़ी संख्या में तराजू का निर्माण किया गया था। हाल के वर्षों में आशीश नंदी का स्वयं पर काम, विज्ञान, राष्ट्रीयता और सुधीर काकर की पहचान और रिश्तों पर काम एक तरह से स्वदेशी है और यह अमेरिका और यूरोप के सामाजिक मनोविज्ञान से किसी भी तरह प्रभावित नहीं है (देखें, *दलाल* और *मिश्रा,* 2001)।

**स्व-मूल्यांकन प्रश्न II**

निम्नलिखित कथनों में सत्य और असत्य बताइए।

1) सामाजिक मनोविज्ञान पर आधारित पाठ्यपुस्तक को मनोवैज्ञानिक विलियम मैकडॉगल ने ब्रिटेन में लिखी थी।

2) व्यवहारवादी जॉन वाटसन ने वर्ष 1913 में क्लासिक वैज्ञानिक घोषणा पत्र को प्रकाशित किया।

3) लेविन को समाज मनोविज्ञान का पिता कहा जाता है।

4) नरेन्द्र नाथ सेन गुप्ता मुबई विश्वविद्यालय के पहले मनोविज्ञान विभाग के प्रथम अध्यक्ष बने।

## 1.4 सारांश

उपर्युक्त चर्चाओं से यह निष्कर्ष निकाला जाया सकता है कि सामाजिक मनोविज्ञान एक ऐसा क्षेत्र है जो हमारे विचारों, भावनाओं तथा दूसरों के प्रति हमारे व्यवहार का विश्लेषण करता है। दूसरे कैसे हमारे व्यवहारों को प्रभावित करते हैं, इसे भी सामाजिक प्रसंग के संदर्भ में यह दर्शाता है। संभवतः सामाजिक मनोविज्ञान एक ऐसा विषय है जो समाज के दायरे में हमारे तथा दूसरों के बीच की तालमेल को दर्शाता है। सामाजिक मनोविज्ञान की नींव 20वीं सदी में रखी जा चुकी थी, परंतु इसका विस्तार 20वीं सदी के अंत में हुआ था। भारत में इस क्षेत्र में किये गये अध्ययनों में स्वतव (Self), संस्कृति (Culture), राष्ट्रीयता (Nationalty) एवं पहचान (Identity) जैसे क्षेत्र मुख्यतः थे।

सामाजिक मनोविज्ञान के दृष्टिकोण सामाजिक विज्ञान से अलग है, सामाजिक मनोवैज्ञानिक विभिन्न स्तरों पर मानव के सामाजिक व्यवहारों का अध्ययन करता हैं जैसे कि एक दूसरे के बीच समूहों के बीच तथा समूहों में तालमेलों (interaction) का अध्ययन।

## 1.5 इकाई के अंत में पूछे जाने वाले प्रश्न

1) सामाजिक मनोविज्ञान को परिभाषित करें और सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति और कार्यक्षेत्र की व्याख्या करें।

2) सामाजिक मनोविज्ञान के ऐतिहासिक विकास का लेखा-जोखा प्रस्तुत करें।

## 1.6 शब्दावली

**सामाजिक मनोविज्ञान** : सामाजिक मनोविज्ञान को वैज्ञानिक अध्ययन के रूप में परिभाषित किया जाता है। हम अपने आस पास के लोगों के बारे में कैसा महसूस करते हैं, उनके बारे में कैसा सोचते हैं और व्यवहार करते हैं और कैसे हमारी भावनाओं, विचारों और व्यवहारों को सामाजिक संदर्भ प्रभावित करते हैं।

**सामाजिक तंत्रिका विज्ञान** : सामाजिक तंत्रिका विज्ञान इस बात का अध्ययन है कि हम और हमारे सामाजिक व्यवहार एक दूसरे को कैसे प्रभावित करते हैं और हमारे मस्तिष्क की गतिविधियों से प्रभावित होते हैं।

## 1.7 स्व-मूल्यांकन प्रश्नों के उत्तर

**स्व-मूल्यांकन प्रश्न I**

1) सामाजिक मनोविज्ञान को ''हमारे बारे में कैसा महसूस होता है, इस बारे में सोचने और हमारे आसपास के लोगों के प्रति व्यवहार करने और हमारी भावनाओं, विचारों और व्यवहारों को सामाजिक संदर्भ में उन लोगों द्वारा कैसे प्रभावित किया जाता है'' के वैज्ञानिक अध्ययन के रूप में परिभाषित किया गया है *मार्कस,* 2017)।

2) सामाजिक मनोविज्ञान प्रकृति में वैज्ञानिक है। यह सामाजिक संदर्भ में मानव व्यवहार के अध्ययन के लिए व्यवस्थित अवलोकन, विवरण और माप की वैज्ञानिक

पद्धति को लागू करता है। सामाजिक मनोवैज्ञानिक अध्ययन प्रत्यक्ष अवलोकन या प्रयोग के माध्यम से एकत्र किए जा रहे डेटा को संदर्भित करते हैं। इस तरह के प्रयोगों और अवलोकन को सावधानीपूर्वक किया जाता है और विस्तार से बताया जाता है ताकि अन्य जांचकर्ता काम को दोहरा सकें और सत्यापित कर सकें।

3) निम्नलिखित तीन प्रमुख घटक सामाजिक मनोविज्ञान की प्रकृति को दर्शाते हैं:

- सामाजिक मनोविज्ञान अध्ययन के वैज्ञानिक तरीकों को लागू करता है।
- सामाजिक मनोविज्ञान व्यक्तियों के विचार, भावना और व्यवहार का अध्ययन करता है।
- सामाजिक मनोविज्ञान सामाजिक संदर्भों में व्यक्तियों के व्यवहार का अध्ययन करता है।

4) सामाजिक मनोविज्ञान के दायरे को मोटे तौर पर निम्नलिखित तरीकों से रेखांकित किया जा सकता है:

- सामाजिक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण के विभिन्न पहलुओं पर जोर देते हैं।
- सामाजिक मनोविज्ञान सामाजिक अनुभूति से भी संबंधित है।
- सामाजिक प्रभाव सामाजिक मनोविज्ञान में अध्ययन का एक पारंपरिक, मुख्य क्षेत्र है।
- सामाजिक मनोवैज्ञानिक भी इस सवाल में रुचि रखते हैं कि लोग कभी-कभी सामाजिक तरीके से कार्य क्यों करते हैं लेकिन अन्य समय में असामाजिक तरीके से कार्य करते हैं।

**स्व मूल्यांकन प्रश्न II**

1) सत्य
2) सत्य
3) सत्य
4) असत्य

## 1.8 सुझाए गए पठन और संदर्भ

Kassin, S., Fein, S., & Markus, H. R. (2017). *Social psychology (10th ed.).* Cengage Learning.

Baron, R. A., & Branscombe, N. R. (2016). *Social psychology (14th ed.).* Boston: Pearson/Allyn& Bacon.

**References**

Adinarayan, S. P. (1953). Before and after Independence - A study of racial and communal attitudes in India. *British Journal of Psychology, 44*, 108-115.

Adinarayan, S.P. (1957). A study of racial attitudes in India. *Journal of Social Psychology, 45*, 211-216.

Allport, F. H. (1924). *Social psychology*. Boston, MA: Houghton Mifflin.

Allport, G. W. (1985). The historical background of social psychology. In G. Lindzey & E. Aronson (Eds.), *Handbook of social psychology* (3rd ed., Vol. I, pp. 1-46). New York: Random House.

Asch, S. E. (1952). *Social psychology*. Englewood Cliffs, NJ: Prentice Hall.

B. F. Skinner (1938). *The Behavior of Organisms: An Experimental Analysis.* Cambridge, Massachusetts: B. F. Skinner Foundation.

Bandura, A. (1977). *Social learning theory.* Englewood Cliff s, NJ: Prentice-Hall.

Bartlett, F. C. (1932). *Remembering: A study in experimental and social psychology.* Cambridge: Cambridge University Press.

Berkowitz, L. (1962). *Aggression: A social psychological analysis*. New York, NY: McGraw-Hill.

Dalal, A. K., & Mishra, G. (2001). Social psychology in India: Evolution and emerging trends. In In A. K. Dalal& G. Misra (Eds.), *New Directions in Indian Psychology* (vol. 1: Social Psychology), New Delhi: Sage.

Darley, J. M., & Latané, B. (1968). Bystander intervention in emergencies: Diffusion of responsibility. *Journal of Personality and Social Psychology, 8*, 377-383.

Eagly, A. H., &Chaiken, S. (1993). *The psychology of attitudes*. Fort Worth, TX: Harcourt Brace Jovanovich.

Festinger, L. (1954). A theory of social comparison processes. *Human Relations, 7*, 117-140.

Festinger, L. (1957). *A theory of cognitive dissonance*. Evanston, IL: Row, Peterson.

Fiske, S. T., & Taylor, S. E. (2008). *Social cognition: From brains to culture*. Boston, MA: McGraw-Hill.

Haney, C., Banks, C., & Zimbardo, P. (1973). Interpersonal dynamics in a simulated prison. *International Journal of Criminology and Penology, 1*, 69-97.

Hovland, C. I., Janis, I. L., & Kelley, H. H. (1963). *Communication and persuasion*. Oxford, England: Yale University Press.

Janis, I. L. (1972). *Victims of groupthink: A psychological study of foreign policy decisions and fiascos*. Boston, MA: Houghton-Mifflin.

Kahneman, D., Slovic, P., & Tversky, A. (1982). *Judgment under uncertainty: Heuristics and biases*. Cambridge, England: Cambridge University Press.

Kassin, S., Fein, S., & Markus, H. R. (2017). *Social psychology (10th ed.)*. Cengage Learning.

Kelley, H. H., & Thibaut, J. W. (1978). *Interpersonal relations: A theory of interdependence*. New York: Wiley.

LeBon, G. (1908). *The crowd: A study of the popular mind*. London: Unwin (original work published 1896). Online: http://cupid.ecom.unimelb.edu.au/het/lebon/crowds.pdf

Lewin, K.(1936). *A dynamic theory of personality.* New York: McGraw-Hill.

Lieberman, M. D. (2010). Social cognitive neuroscience. In S. T. Fiske, D. T. Gilbert, & G. Lindzey (Eds.), *Handbook of social psychology* (5th ed., Vol. 1, pp. 143–193). Hoboken, NJ: John Wiley & Sons.

McDougall, W. (1908). *An introduction to social psychology*. London: Methuen.

McDougall, W. (1920). *The group mind*. London: Cambridge University Press.

Milgram, S. (1974). *Obedience to authority*. London: Tavistock.

Misra, G. (1982). Deprivation and development : A review of Indian studies. *Indian Educational Review, 18*, 12-33.

Murphy, G., & Murphy, L. B. (1931). *Experimental social psychology*. New York: Harper (rev. ed published with T. M. Newcomb in 1937).

Pandey, J. (1986). Social-cultural perspectives on ingratiation. In B.A. Mahar & W.B. Mahar (Ed.), *Progress in experimental personality research* (Vol. 14). New York: Academic Press.

Pavlov, I.P. (1927). *Conditioned Reflexes: An Investigation of the Physiological Activity of the Cerebral Cortex* (translated by G.V. Anrep). London: Oxford University Press.

Ross, E. A. (1908). *Social psychology*. New York: Macmillan.

Sherif, M. (1936). *The psychology of social norms*. New York: Harper.

Singh, A. K. (1981). Development of religious identity and prejudice in Indian children. In D. Sinha (Ed.), *Socialization of the Indian Child* (pp.87-100). New Delhi: Concept.

Sinha, D. (1952). Behaviour in a catastrophic situation: A psychological study of reports and rumours. *British Journal of Psychology, 43*, 200-209.

Sinha, J. B. P. (1980). *Nurturant task leader*. New Delhi: Concept.

Triplett, N. (1898). The dynamogenic factors in pacemaking and competition. *American Journal of Psychology, 9*, 507-533.

# इकाई 2 सामाजिक मनोविज्ञान के सिद्धांत*

संरचना


2.0 उद्देश्य

2.1 परिचय

2.2 सामाजिक मनोविज्ञान और अन्य विषय

- 2.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान और अन्य सामाजिक विज्ञान
- 2.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान और मनोविज्ञान में अन्य शाखाएँ

2.3 सामाजिक व्यवहार के विश्लेषण के स्तर

- 2.3.1 व्यक्तिगत-अंतरव्यक्तिक स्तर का विश्लेषण
- 2.3.2 पारस्परिक सहभागिता
- 2.3.3 व्यक्तिगत और समूह के बीच सहभागिता
- 2.3.4 समूहों के बीच बातचीत

2.4 सामाजिक मनोविज्ञान के सैद्धांतिक दृष्टिकोण

- 2.4.1 सीखने/अधिगम के सिद्धांत
- 2.4.2 संज्ञानात्मक सिद्धांत

2.5 सामाजिक मनोविज्ञान में अनुसंधान की विधियां

- 2.5.1 अवलोकन विधि
- 2.5.2 प्रायोगिक विधि
  - 2.5.2.1 अर्ध–प्रयोग्यात्मक विधि
  - 2.5.2.2 प्रायोगिक डिजाइन
- 2.5.3 अनुसंधान विधियों में नैतिक मुद्दे

2.6 सारांश

2.7 इकाई के अंत में पूछे जाने वाले प्रश्न

2.8 शब्दावली

2.9 स्व-मूल्यांकन प्रश्नों के उत्तर

2.10 सुझाए गए पठन और संदर्भ


## 2.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद, आप निम्न कार्य कर सकेंगे:

- सामाजिक व्यवहार के स्तरों का विश्लेषण करना;
- सामाजिक मनोविज्ञान का अन्य विषयों के साथ संबंधों को स्पष्ट करना;
- सामाजिक मनोविज्ञान के विभिन्न सैंद्धातिक दृष्टिकोणों को प्रस्तुत करना;
- सामाजिक मनोविज्ञान में विभिन्न प्रकार के अनुसंधान विधियों पर चर्चा करना;



* डॉ. अरी सूदन तिवारी, वैज्ञानिक 'ई' रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान, लखनऊ रोड़, तिमारपुर, दिल्ली

- अनुसंधानिक विधियों से जुड़े विभिन्न नैतिक मुद्दों को स्पष्ट करना।



## 2.1 परिचय

पिछली इकाई से आपको यह ज्ञात हो गया होगा कि मनोविज्ञान की वो शाखा जो सामाजिक संदर्भ में मानव व्यवहारों का अध्ययन करती है उसे सामाजिक मनोविज्ञान कहते हैं, इस इकाई में आपको मनोविज्ञान कि इस शाखा (सामाजिक मनोविज्ञान) की प्रकृति, क्षेत्र तथा अन्यों विषयों के साथ संबंध को बताया जायेगा। आप इस इकाई के द्वारा सामाजिक मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उसके विभिन्न सैद्धांतिक दृष्टिकोणों से भी परिचित होंगे। यह इकाई सामाजिक व्यवहार के विश्लेषण के स्तरों पर भी चर्चा करेगी।

## 2.2 सामाजिक मनोविज्ञान और अन्य विषय

सामाजिक मनोविज्ञान अन्य सामाजिक विज्ञानों और मनोविज्ञान की अन्य शाखाओं से संबंधित है। यह महत्वपूर्ण तरीकों से उनसे अलग भी है।

सामाजिक मनोविज्ञान, सामाजिक विज्ञान के परिवार के अन्य विषयों से भी संबंधित है और कई मायनों में मनोविज्ञान की अन्य शाखाओं से भी। यह महत्वपूर्ण तरीकों से उनसे अलग है।

### 2.2.1 सामाजिक मनोविज्ञान और अन्य सामाजिक विज्ञान

सामाजिक वैज्ञानिक लोगों और उनके समाजों का अध्ययन करते हैं, जिनमें लोग रहते हैं। वे इस बात में रुचि रखते हैं कि लोग एक-दूसरे से कैसे संबंधित हैं। विभिन्न सामाजिक विज्ञान सामाजिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

- **सामाजिक मनोविज्ञान और मानवविज्ञान**

  मानवविज्ञान मानव संस्कृति का अध्ययन करता है। मानवविज्ञान और सामाजिक मनोविज्ञान विषय अंतर संबंधित हैं। मानव संस्कृति में लोगों के समूह के साझा मूल्य, विश्वास और अंतर मूल्यों, विश्वासों, और प्रथाओं को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पारित किया जाता है। मनुष्य केवल सामाजिक प्राणी नहीं हैं, वे सांस्कृतिक पशु भी हैं। मानव व्यवहार को समझने के लिए, सामाजिक मनोविज्ञान को उस सांस्कृतिक संदर्भ को समझना होगा, जिसमें वह व्यवहार होता है।

- **सामाजिक मनोविज्ञान और अर्थशास्त्र**

  आप यह जान सकते हैं कि अर्थशास्त्र का क्षेत्र किसी विशेष समाज की वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण और उपभोग की प्रवृत्तियों से संबंधित है। यह समान रूप से सामाजिक मनोवैज्ञानिकों के हित को प्रभावित करता है। वास्तव में, कुछ सामाजिक मनोवैज्ञानिक सिद्धांत आर्थिक सिद्धांतों पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, सामाजिक विनिमय सिद्धांत लागत, पुरस्कार, निवेश और उपलब्ध विकल्पों की संख्या जैसे कारकों पर विचार करके रिश्तों के प्रति प्रतिबद्धता की भविष्यवाणी करता है। अर्थशास्त्र हमारे ध्यान को बड़ी सामाजिक प्रणालियों (जैसे श्रम बाजार या मुद्रा प्रणाली) और इन प्रणालियों के व्यवहार को आकार देता है। फिर, मानव व्यवहार की पूरी समझ के लिए न केवल उस व्यक्ति के दिमाग के

अंदर क्या चल रहा है और उस समय उसके या उसके तत्काल परिवेश में क्या हो रहा है, के अवलोकन की आवश्यकता है, लेकिन यह भी जानना जरूरी है कि व्यक्ति का व्यवहार बड़ी सामाजिक प्रणाली में कैसे सुसज्जित है।

- **सामाजिक मनोविज्ञान और राजनीति विज्ञान**

  राजनीति विज्ञान राजनीतिक संगठनों और संस्थानों, विशेषकर सरकारों का अध्ययन करता है। सामाजिक मनोवैज्ञानिक राजनीतिक व्यवहार पर अनुसंधान करते हैं। वे मतदान, पार्टी की पहचान, उदार बनाम रूढ़िवादी विचारों और राजनीतिक विज्ञापन जैसे राजनीतिक मुद्दों का अध्ययन करते हैं। वे इस बात में भी रुचि रखते हैं कि कुछ लोग दूसरों की तुलना में बेहतर नेता क्यों होते हैं।

- **सामाजिक मनोविज्ञान और समाजशास्त्र**

  समाजशास्त्र मानव समाजों और उन समाजों को बनाने वाले समूहों का अध्ययन है। यद्यपि समाजशास्त्री और सामाजिक मनोवैज्ञानिक दोनों इस बात में रुचि रखते हैं कि लोग समाजों और समूहों में कैसे व्यवहार करते हैं, वे जिस चीज पर ध्यान केंद्रित करते हैं, उसमें भिन्नता होती है। समाजशास्त्री समूह पर एक एकल इकाई के रूप में ध्यान केंद्रित करते हैं, जब कि सामाजिक मनोवैज्ञानिक समूह बनाने वाले व्यक्तिगत सदस्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। कुछ समाजशास्त्री खुद को सामाजिक मनोवैज्ञानिक कहते हैं और दो क्षेत्रों के बीच विचारों और निष्कर्षों का आदान-प्रदान करते हैं जो कभी-कभी काफी फलदायी रहे हैं क्योंकि वे एक ही समस्या के लिए विभिन्न दृष्टिकोण लाते हैं।

## 2.2.2 सामाजिक मनोविज्ञान और मनोविज्ञान में अन्य शाखाएँ

मनोविज्ञान मानव व्यवहार का अध्ययन है। मनोविज्ञान एक बड़े पेड़ की तरह है जिसमें कई शाखाएँ होती हैं। सामाजिक मनोविज्ञान उन शाखाओं में से एक है, लेकिन यह कुछ अन्य शाखाओं के साथ निकटता से संबंधित है।

### सामाजिक मनोविज्ञान और जैविक मनोविज्ञान

व्यक्ति के विचारों, भावनाओं और कार्यों के पीछे मस्तिष्क संबंधी गतिविधियाँ या हार्मोन जैसी कुछ शारीरिक प्रक्रियाएँ शामिल हैं। जैविक या शारीरिक मनोविज्ञान और हाल ही में तंत्रिका विज्ञान ने मस्तिष्क, तंत्रिका तंत्र और शरीर के अन्य पहलुओं के बारे में जानने पर ध्यान केंद्रित किया है। कुछ समय पहले तक, इस कार्य का सामाजिक मनोविज्ञान के साथ बहुत कम संपर्क था, लेकिन 1990 के दशक के दौरान कई सामाजिक मनोवैज्ञानिकों ने सामाजिक व्यवहार के जैविक पहलुओं को देख और यह रुचि 21वीं सदी में भी जारी रही। सामाजिक तंत्रिका विज्ञान और सामाजिक मनोचिकित्सा अब संपन्न क्षेत्र हैं।

### सामाजिक मनोविज्ञान और नैदानिक मनोविज्ञान

